Sl. No. :

MHNSC-4.4

Total No. of Pages : 3

Fourth Semester M.A. Degree Examination, November - 2024

(SLM Scheme) (CBCS)

हिन्दी (HINDI)

Course - VI : SAMAKALEEN HINDI KAVITHA

समकालीन हिंदी कविता

Time : 3 Hours **Max. Marks : 80**

Note : ***All sections are compulsory.***

SECTION - A

किन्हीं चार की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : **[4 × 5 = 20]**

1) अपने झोले में ही ।
अब निकलूँगी मैं भी ।
अपने संधान में अकेली ।
आपका झोला हो आपको मुबारक ।
अच्छा बाबा, राम राम ।

2) उसकी आरी कई बार लकडी की नींद
और जड़ो में भटक जाती थी,
कई बार एक चिडिया के खेत से
टकरा जाती थी उसकी आरी,
और फिर,
वह चीर रहा था और दुनिया दोनों तरफ
गिरे हुए पटरों की तरह गिरती जा रही थी ।

3) और कभी, जब कभी गौरैया–सा मन
घर के आँगन में खेलने का हुआ
मैं ने थामा हाथ उसे कह के बचपना न करो
बाग में धूप खाते–खाते जैसे मैं गरमाकर
उठके छाया में बरामदे में चला आया हूँ
अपने में लौट गया था मेरा मन ऐसे ।

4) रक्त भी ज्यादा प्राचीन नदियाँ
जिन्होंने देखा पहला सूर्य
अपनी करोड लहर आँखों से
देखा प्रस्फुटित होता पहला बीज
देखा एक नुकीले पत्थर पर फेंकते
हिंस्र पशुओं के खिलाफ
मनुष्य के
जब पहले पहल मुक्त किए थे
अपने हाथ ।

5) तुम्हारे इरादों में हिंसा
खंग पर रक्त
तुम्हारे इच्छा करते ही
हत्या होती है
तुम समृद्ध होगे
लेकिन, उससे पहले
समझाओ मुझे अपने कल्याण का आधार .....

6) जंगल में औरते हैं
लकडियों के कट्टर के नीचे बेहोश
जंगल में बच्चे हैं
असमय दफनाये जाते हुए
जंगल में नंगे पैर चलते बूढे हैं
डरते खाँसते अंत में गायब हो जाते हूए
जंगल में लगातार कुल्हाडियाँ चल रही हैं ।
जंगल में सोया है रक्त ।

SECTION - B

किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए : [3 × 10 = 30]

7) समकालीन हिंदी कविता की प्रवृत्तियों का आकलन कीजिए ।

8) समकालीन कवि केदारनाथ सिंह और कुँवर नारायण पर एक लेख लिखिए ।

9) गगन गिल द्वारा लिखित कविता 'एक दिन लौटेगी लडकी' का सार अपने शब्दो में लिखिए ।

10) निर्मला पुथुल द्वारा रचित कविताओं के आधार पर 'स्त्री' का चित्रण प्रस्तुत कीजिए ।

11) समकालीन हिंदी कविताओं में कुँवर नारायण जी का स्थान निर्धारित कीजिए ।

SECTION - C

किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए : [2 × 15 = 30]

12) समकालीन हिंदी कविता का विकासक्रम पर प्रकाश डालिए ।

13) पठित कविताओं के आधार पर रघुवीर सहाय की काव्य भाषा पर एक लेख लिखिए ।

14) मंगलेश डबराल की कविताओं में चित्रित सामाजिक समस्याओं का विश्लेषण कीजिए ।

15) समकालीन कविता के सीमांकन की समस्या पर चर्चा कीजिए ।

⌘⌘⌘